राजस्थान में पम्प सेटों को बिजली की सप्लाई

4512. **श्री सन्तोष बागड़ोदिया** : क्या ऊर्जा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) 1987-88 के वर्ष के दौरान ग्रामीण विद्युत्तीकरण निगम द्वारा कृषि क्षेत्र में कितने पम्प सैट लगाए गए; और

(ख) निगम द्वारा सामान्य वार्षिक कार्यक्रम और विशेष सूखा राहत कार्यक्रम के अन्तर्गत राजस्थान में अब तक कितने-कितने पम्प सैटों को बिजली उपलब्ध करायी है ?

ऊर्जा मंत्रालय में विद्युत विभाग में राज्य मंत्री (श्री कल्पनाथ राय) : (क) ग्राम विद्युत्तीकरण निगम द्वारा वित्त पोषित ग्राम विद्युत्तीकरण स्कीमों के अन्तर्गत 1987-88 के दौरान 5.43 लाख कृषि पम्प सैटों का ऊर्जन किया गया था।

(ख) ग्राम विद्युत्तीकरण निगम द्वारा वित्त पोषित विभिन्न स्कीमों के अन्तर्गत राजस्थान में 31-7-1988 तक 1,69,994 (अनन्तिम) कृषि पम्प सैटों का ऊर्जन किया गया था। इन में से 5963 पम्पसैटों का ऊर्जन 1987-88 के दौरान विशेष सूखा राहत कार्यक्रम के अन्तर्गत किया गया था।

राजस्थान में इलैक्ट्रानिक डिजिटल एक्सचेंज

4513. **श्री सन्तोष बागड़ोदिया** : क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) राजस्थान में किन-किन स्थानों पर इलैक्ट्रोनिक डिजिटल एक्सचेंज स्थापित किए गए हैं;

(ख) क्या इससे टेलीफोन प्रणाली के कार्यकरण में सुधार हुआ है; और

(ग) यदि हां, तो इस संबंध में ब्यौरा क्या है ?

संचार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री गिरिधर गोमांगो) : (क) राजस्थान के निम्नलिखित स्थानों में इलक्ट्रोनिक डिजिटल एक्सचेंज लगा दिए गए हैं :—

1. श्रीगंगानगर
2. डूंगरपूर
3. टोंक
4. झुनझुनू
5. सिरोही
6. झालावाड़
7. सवाई माधोपुर रेलवे स्टेशन
8. सवाई माधोपुर सिटी
9. जालौर
10. जैसलमेर

(ख) जी हां।

(ग) इलैक्ट्रानिक एक्सचेंजों के चालू हो जाने से, सेवाओं में पर्याप्त सुधार हुआ है। इन एक्सचेंजों की सफल कॉल दर 99.5 प्रतिशत हो गई है। एक्सचेंज में होने वाली खराबियां नगण्य हैं तथा शिकायतों/देरियों में भी कमी आई है।